# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 21.12.2024** **समय : 1905**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनूठे संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा की आठवीं कड़ी अगले महीने आयोजित होगी।**
- **एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजा गया है।**
- **वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में रात्रि विमान सेवा में बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।**
- **भारत संचार निगम कार्यालय में आज अनुभव केन्द्र की शुरूआत की गई।**
- **तेरहवीं राष्ट्रीय स्कूल शतरंज चैम्पियनशिप दो हजार पच्चीस, अगले वर्ष सत्रह से इक्कीस जनवरी तक आंध्र प्रदेश में आयोजित की जाएगी।**

<><><><><><><>

आज पहला विश्व ध्यान दिवस है। इस दिवस का आयोजन शांति और कल्याण की भावना से जीवन जीने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से ध्यान को अपनाने और दैनिक जीवन का अंग बनाने की अपील की है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि ध्यान व्यक्ति और समाज के जीवन में शांति और समरसता लाने का सशक्त माध्यम है। श्री मोदी ने कहा कि तकनीक के मौजूदा दौर में, ऐप और वीडियो ध्यान को अपनाने में सहायक हो सकते हैं।

विश्व ध्यान दिवस के संदर्भ में इंडिया रिजर्व बटालियन और अण्डमान निकोबार पुलिस ने स्वयं सहायक समूह पंख के सहयोग से आईआरबीएन मुख्यालय, पोर्ट–मोर्ट में एक ध्यान और उपचार सत्र का आयोजन किया। सत्र में योग चिकित्सक रजनी आहूजा और पंख की संस्थापक एवं अध्यक्ष कोमल आनंद एवं सदस्य पूजा बिस्वास और देवी के ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य और उपचार को बढ़ावा देना था, जो समाज के सुधार के लिए पंख संगठन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। निर्देशित ध्यान और चिकित्सीय तकनीकों के माध्यम से, पंख के विशेषज्ञों ने तनाव को कम करने, ध्यान केन्द्रित करने और समग्र कल्याण को बढ़ाने के लिए प्रभावी रणनीतियों की शुरुआत की। प्रतिभागियों ने दैनिक दिनचर्या में ध्यान को शामिल करने के महत्व पर जोर देते हुए अत्यधिक संतुष्टि व्यक्त की। तिरेसठ से अधिक लोगों ने इस सत्र का लाभ उठाया, जिसमें आईआरबीएन के कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य भी शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन और मार्गदर्शन आई आर बी एन, कमांडेंट निहारिका भट्ट की देखरेख में की गई।

<><><><><><><>

राज्य परिवहन प्राधिकरण की ओर से बिना किराया मीटर लगाए ऑटों रिक्शा चलाने वाले चालकों के लिए चेतावनी जारी की गई है। आम जनता से चालकों द्वारा अत्यधिक किराया वसूले जाने से संबंधित प्राप्त शिकायत के बाद विभाग ने ऑटोरिक्शा मोटर वाहन अधिनियम उन्नीस सौ अट्ठासी की धारा चौहत्तर और धारा छियानबे के अनुसार ऑटोरिक्शा और टैक्सी वाले को इस मामले में किराया मीटर लगाने और उसे उचित कार्य स्थिति में बनाए रखने के लिए कहा है। ऑटोरिक्शा परमिट धारकों को ऐसी गतिविधियों से दूर रहने को कहा गया है। उल्लंघन करने पर ऑटों चालकों के परमिट रद्द भी किए जा सकते हैं। परमिट शर्तों पर सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रवर्तन अभियान चलाए जाएंगे। राज्य परिवहन प्राधिकरण ने उपराज्यपाल की स्वीकृति के बाद द्वीपसमूह के लिए लागू ऑटोरिक्शा किराए में संशोधन किया है तथा ऑटो–रिक्शा परमिट धारक और चालकों को अपने किराया मीटर को नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय के मापतौल संभाग से अधिसूचित किराया मीटर और स्टैम्प लगवाने को कहा है। ऑटोरिक्शा मालिकों को राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा जारी किराया चार्ट को अपने ऑटोरिक्शा में प्रदर्शित करना होगा। किराया मीटर के अनुसार ही वसूला जाना चाहिए। निर्धारित ऑटो किराए से अधिक शुल्क लेना, यात्रियों के अनुरोध के अनुसार ऑटोरिक्शा चलाने से इनकार करना तथा यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार को गंभीरता से लिया जाएगा। आम जनता को सलाह दी जाती है कि वे ऑटोरिक्शा चलाने से मना करने, यात्रा शुरू होने से पहले किराया मीटर न लगाने तथा अत्यधिक शुल्क लेने आदि के संबंध में अपनी शिकायतें परिवहन निदेशालय सचिव, को ऑटोरिक्शा की पंजीकरण संख्या तथा शिकायत के विवरण के साथ भेजें और दिए गए नम्बरों पर अपनी शिकायतें दर्ज कराएं।

<><><><><><><>

स्मार्ट प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के तहत श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने शहरी संपत्तियों का डिजिटल डेटाबेस सर्वेक्षण शुरू किया है। स्मार्ट सिटी परियोजना के एक भाग के रूप में, स्मार्ट प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के तहत नगरपालिका परिषद ने शहरी क्षेत्रों में व्यक्तिगत संपत्तियों का डिजिटल डेटाबेस बनाने के लिए एक व्यापक शहरव्यापी सर्वेक्षण शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य नागरिक सेवाओं को बढ़ाना, संपत्ति प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना और भविष्य के लिए शहरी नियोजन को बढ़ावा देना है। यह सर्वेक्षण भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा अपने सहयोगी ऑलवी सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के सक्रिय भागीदारी के साथ किया जा रहा है। सर्वेक्षण में घरों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों और संस्थानों को शामिल किया जाएगा, जिसमें खुले क्षेत्र शामिल हैं। नगरपालिका परिषद ने सभी नागरिकों से सर्वेक्षण टीम को सहयोग देने का आग्रह किया है। नगरपालिका परिषद सभी एकत्रित जानकारी को गोपनीय रखने का आश्वासन दिया है। अधिक जानकारी के लिए, पी बी एस पी एल कार्यालय के सहायक अभियंता अब्दुल वहाब से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

ऐतिहासिक जन–जातीय सामाजिक नेटवर्किंग के श्रेणी में तहसीलदार कैस्पर जेम्स को प्रतिष्ठित अटल भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान प्रसिद्ध अटल फाउंडेशन द्वारा सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने और अभिनव एवं समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से जन–जातीय समुदाय को सशक्त बनाने में उनके उत्कृष्ठ योगदान के लिए दिया गया।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित रामकृष्ण मिशन में कल मां शारदा की एक सौ बहत्तरवीं जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में कल सुबह से ही आर के मिशन में पूजा–अर्चना के कार्यक्रम होगें और दोपहर में भक्तों में भाग का वितरण किया जाएगा।

<><><><><><>

द्वीपसमूह की बहुप्रतीक्षित द्वीप पर्यटन उत्सव दो हजार चौबीस सत्ताईस दिसम्बर से इक्कतीस दिसम्बर तक आयोजित किया जाएगा। पांच दिनों तक चलने वाले इस मेले में द्वीपवासियों और पर्यटकों के मनोरंजन के लिए आई टी एफ मैदान और तेरह निर्धारित स्थानों पर मुख्यभूमि के साथ द्वीपसमूह के कलाकार भी प्रस्तुति देंगे। स्थानीय सांस्कृतिक संगठनों को विभिन्न स्थानों पर अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। द्वीप पर्यटन महोत्सव का मुख्य आकर्षण राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित हास्य कवि सम्मेलन है। बच्चों के लिए मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया जाएगा। उत्सव के दौरान खान–पान के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर द्वीपसमूह में चल रहे विकासीय गतिविधियों को प्रदर्शित किया जाएगा। हर साल की तरह इस साल भी हेल्दी बेबी शो प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग की ओर से अट्ठाईस दिसंबर को दोपहर दो बजे से प्रदर्शनी मैदान में पेट्ट–शो और कृषि विभाग द्वारा उनतीस दिसम्बर को प्रदर्शनी मैदान में पुष्प प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न श्रेणियों में ताजे फूलों और सूखे फूलों की सजावट, गुलदस्ता, माला और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

<><><><><><>

डिगलीपुर पुलिस ने हाल ही में एक नाबालिक लड़की से दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। शिकायत प्राप्त करने के बाद पॉक्सो अधिनियम दो हज़ार बारह के तहत मामला दर्ज किया गया। भारतीय न्याय संहिता दो हजार तेईस की धारा के साथ कालीघाट पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी पास के जंगलों में भाग गया। कालीघाट पुलिस थाना प्रभारी आशोक कुमार बघेल के नेतृत्व में पुलिस दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गहन तलाशी कर आरोपी को पास के जंगलों से गिरफ्तार कर लिया गया। संपूर्ण जांच एस डी पी ओ डिगलीपुर अंकेश यादव और पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगथन के देख–रेख में की गई।

<><><><><><>